**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 1932**
**06 दिसम्बर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**कैंसर के उपचार के लिए विशेष नैदानिक केन्द्र**

**1932. श्री काली चरण सिंह:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का कैंसर के बढ़ते मामलों के मद्देनजर देश में कैंसर की रोकथाम, जांच और उपचार के लिए विशेष नैदानिक केन्द्र स्थापित करने का विचार है;
(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की नीतियों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार का देश में कैंसर के बढ़ते मामलों और मृत्यु दर को देखते हुए कैंसर की रोकथाम और उपचार के लिए होमी भाभा कैंसर अस्पताल जैसे संस्थानों का विस्तार करके प्रत्येक जिले और राज्य में कैंसर रोगियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने का विचार है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) और (ख): भारत सरकार का स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के हिस्से के रूप में गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपी-एनसीडी) के तहत राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करता है। यह कार्यक्रम कैंसर सहित गैर-संचारी रोगों के उपचार और प्रबंधन के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, मानव संसाधन विकास, शीघ्र निदान, उचित स्तर के स्वास्थ्य परिचर्या सुविधा केंद्र के लिए रेफरल और इनकी रोकथाम के लिए स्वास्थ्य संवर्धन और जागरूकता पैदा करने पर केंद्रित है। एनपी-एनसीडी के तहत, कीमोथेरैपी के लिए 770 जिला एनसीडी क्लीनिक, 372 जिला डे केयर सेंटर और 6410 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एनसीडी क्लीनिक स्थापित किए गए हैं।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत देश में व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या के एक हिस्से के रूप में कैंसर सहित आम गैर-संचारी रोगों की जांच, प्रबंधन और रोकथाम के लिए जनसंख्या-आधारित पहल शुरू की गई है। मुख, गर्भाशय-ग्रीवा और स्तन कैंसर की जांच सेवा-प्रदायगी का एक अभिन्न अंग है।

इसके अतिरिक्त, कैंसर के लिए जन जागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए किए गए उपायों में राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस, विश्व कैंसर दिवस मनाना, सामुदायिक जागरूकता की निरंतरता के लिए प्रिंट, इलेक्ट्रानिक और सोशल मीडिया का उपयोग करना शामिल है। कैंसर सहित गैर-संचारी रोगों के लिए जागरूकता पैदा करने के कार्यकलापों के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को उनकी कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं (पीआईपी) के अनुसार वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफ़एसएसएआई) के "ईट राइट इंडिया मूवमेंट" के माध्यम से "स्वस्थ खानपान" को बढ़ावा दिया जाता है। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा "फिट इंडिया मूवमेंट" को क्रियान्वित किया जाता है। आयुष मंत्रालय द्वारा योग से संबंधित विभिन्न कार्यकलाप आयोजित किए जाते हैं।

(ग) और (घ): केंद्र सरकार विशिष्ट स्वास्थ्य परिचर्या स्तर पर कैंसर परिचर्या के लिए सुविधाकेंद्रों को बढ़ाने के लिए कैंसर के विशिष्ट स्वास्थ्य परिचर्या सुविधाकेंद्रों को सुदृढ़ करने की योजना को लागू करती है। इस योजना के तहत, 19 राज्य कैंसर संस्थानों (एससीआई) और 20 विशिष्ट स्वास्थ्य परिचर्या कैंसर केंद्रों (टीसीसीसी) को मंजूरी दी गई है। झज्जर (हरियाणा) में राष्ट्रीय कैंसर संस्थान और चित्तरंजन राष्ट्रीय कैंसर संस्थान, कोलकाता के दूसरे परिसर को भी अत्याधुनिक नैदानिक, उन्नत विकिरण, चिकित्सा और शल्य चिकित्सा देखभाल सुविधाओं के साथ स्थापित किया गया है। प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत स्थापित सभी नए एम्स और उन्नत मौजूदा सरकारी मेडिकल कॉलेज/संस्थान भी कैंसर के उपचार पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

परमाणु ऊर्जा विभाग ने टाटा मेमोरियल सेंटर के अंतर्गत मुंबई, नवी मुंबई, न्यू चंडीगढ़, संगरूर, वाराणसी (2), मुजफ्फरपुर, गुवाहाटी, विशाखापत्तनम में 9 कैंसर अस्पतालों की स्थापना की है।

*********